मेगा ब्लॉक के दौरान तकनीकी खराबी के कारण दो बार रुकी हार्बर लाइन

मरम्मत के काम के दौरान पटरी पर गिर गई थी वजनी मशीन

NBT न्यूज़, नवी मुंबई

रविवार को हार्बर लाइन पर पनवेल से सीएसएमटी के बीच मेगा ब्लॉक रखा गया था। इस दौरान, बहुत कम ट्रेनों का संचालन होता है। रविवार शाम 4 बजे मेगा ब्लॉक खत्म होने के बाद ट्रेनें नियमति की गई थीं कि तभी सीवुड्स और नेरूल स्टेशन के बीच चल रहे काम के दौरान वजनदार मशीन पटरी पर आ गिरी। इससे सेवाएं प्रभावित हुई। मशीन हटाने के बाद उसे आगे ले जाया गया, लेकिन वह एक बार फिर गिर गई और खबर लिखे जाने तक काम जारी था।

रेलवे की तरफ से 'एक्स' पर बताया गया कि तकनीकी खराबी के कारण नेरूल से पनवेल और पनवेल से ठाणे के बीच ट्रेन सेवाएं कुछ समय के लिए स्थगित कर दी गई हैं। इस दौरान, नेरूल से सीएसएमटी और नेरूल से ठाणे के बीच चलने वाली ट्रेनें पूर्ववत रहीं। वहीं, कुछ ट्रेनें, जो सीएसएमटी से पनवेल तक जाती थीं, उन्हें नेरूल से ही वापस सीएसएमटी के लिए रवाना किया गया। पनवेल से सीएसएमटी की तरफ जानेवाली ट्रेनों को पनवेल से बेलापुर तक ही चलाया गया। इस दौरान, नेरूल स्टेशन पर यात्रियों की काफी भीड़ जमा हो गई थी। रविवार का दिन होने के कारण लोग बड़ी संख्या में घूमने के लिए निकले थे, लेकिन ट्रेनें बंद होने के कारण उन्हें आने-जाने में में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बहुत से लोग ऐसे भी थे, जिन्होंने घूमने का इरादा छोड़कर घर वापस लौटना ही ठीक समझा।

एक बार ठीक होने के बाद दोबारा हो गई दिक्कत

भीड़ देखकर लोग घर वापस लौटे

काफी देर चली रिपेयरिंग के बाद भी खबर लिखे जाने तक सेवा बहाल नहीं हुई थी। ट्रेनों में काफी भीड़ देखने को मिली, वहीं कुछ लोग भीड़ देखकर वापस घर भी लौट गए। नवी मुंबई में पिछले 2 महीने में हार्बर लाइन पर आई यह तीसरी तकनीकी खराबी है, जिसके चलते ट्रेन सेवा बाधित हुई है। इसके पहले दो बार ऑफिस ऑवर में ट्रेनें थम चुकी हैं।

संतोष भुवन क्षेत्र की खराब सड़कों को लेकर असंतोष

गड्ढों से आधी सड़क गायब, वाहन चालक परेशान

सुरेंद्र नेगी, नालासोपारा

वसई-विरार शहर के अधिकतर इलाकों की सड़कों पर गहरे गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। नालासोपारा से संतोष भुवन होकर मुंबई-अहमदाबाद जाने वाले मुख्य मार्ग पर वाहनों की सबसे अधिक आवाजाही रहती है। इस सड़क की दुर्दशा ने परेशानी को बढ़ा दी है।

बारिश के दौरान जलभराव होने से ये गड्ढे और भी ज्यादा खतरनाक हो गए हैं। कई जगहों पर तो सड़क ही गायब हो गई है। गड्ढों युक्त सड़क पर वाहन चलाना मुश्किल हो गया है।खासकर दोपहिया और ऑटो रिक्शा के गड्ढों में पलटने का खतरा है। तमाम शिकायतों के बावजूद इस समस्या की अनदेखी हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि चुनाव के समय महायुति के विधायक ने जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के विधायक ही गायब हो गए हैं।

बता दें कि वसई-विरार का सबसे बड़ा स्लम इलाका संतोष भुवन है। यहां लगभग 80% आबादी उत्तर भारतीयों की है। नालासोपारा को मुंबई-अहमदाबाद हाइवे से जोड़ने का मुख्य मार्ग संतोष भुवन से होकर जाता है। स्टेशन से हाइवे तक की दूरी करीब 9 किमी है। घनी आबादी होने के चलते इस मार्ग पर ऑटो, दोपहिया वाहन और अन्य वाहनों की आवाजाही सबसे अधिक है। हर साल मॉनसून में इस सड़क की दुर्दशा हो जाती है। पिछले दिनों से हो रही बारिश के चलते यहां की पूरी सड़क तहस-नहस हो गई है। गड्ढों की वजह से ट्रैफिक जाम होता है। कुछ जगहों पर तो सड़क ही बह गई है। गड्ढों की वजह से रात में ऑटो रिक्शा वाले भी यहां चलने से इनकार कर देते हैं।

मनपा और जनप्रतिनिधियो से नाराजगी

गड्ढों के बीच सफर करने वाले लोग जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से नाराज हैं। उनका कहना है कि इस बार विधानसभा चुनाव से पहले जनप्रतिनिधियों ने नालासोपारा में परिवर्तन लाने का संकल्प लिया था। जनता ने उन्हें जिताया, लेकिन वे अपने वादे भूल गए। अब तो वसई-विरार की सड़कें पहले से भी बदतर हो गई हैं। चुनाव जीतने के बाद विधायक अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान तो दूर की बात देखने तक नहीं आता है। स्थानीय पूर्व नगरसेवक पंकज पाटील ने आरोप लगाया कि जब से प्रशासक के तौर पर आयुक्त बैठे हैं, तब से शहर में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सड़क के गड्ढों की मरम्मत के लिए दो बार पत्र दिया, लेकिन कोई ध्यान नहीं देता है। मनपा के संबंधित विभाग का कहना है कि बारिश रुकने पर गड्ढों को भरा जाएगा।

'उर्दू साहित्य अकादमी के साथ सौतेला व्यवहार'

NBT न्यूज़, भिवंडी: मुंबई फोर्ट परिसर में स्थित सरकारी इमारत 'ओल्ड कस्टम हाउस' में कार्यरत 'उर्दू साहित्य अकादमी' को सांस्कृतिक विभाग ने किराए की जगह में स्थानांतरित होने का आदेश दिया है। समाजवादी पार्टी के स्थानीय विधायक रईस शेख ने उप-मुख्यमंत्री अजित पवार और अल्पसंख्यक विकास मंत्री दत्तात्रय भरणे से इस निर्णय पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। शेख ने आरोप लगाया है कि सरकार उर्दू साहित्य अकादमी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

शेख ने कहा कि सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार के विभाग ने उर्दू साहित्य अकादमी को किराए की जगह में स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। पिछले साल अकादमी के लिए 2 करोड़ रुपये आवंटित होने के बावजूद, सिर्फ 16 लाख रुपये ही मिले। मंत्रालय परिसर में किराए पर जगह लेने के लिए अकादमी को हर महीने 20 लाख रुपये की जरूरत पड़ेगी।

बता दें कि अकादमी इस साल स्वर्ण जयंती मना रही है। मराठी और उर्दू साहित्यकारों के बीच वैचारिक आदान-प्रदान के लिए 1975 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शंकरराव चव्हाण ने उर्दू अकादमी की स्थापना की थी। शेख ने कहा कि अकादमी के 7 में से 4 पद रिक्त हैं।

शिंदे पर आपत्तिजनक पोस्ट, मामला हुआ दर्ज

NBT न्यूज़, कल्याणः कल्याण में एक बार फिर शिवसेना (शिंदे गुट) और मनसे के बीच विवाद छिड़ गया है। मनसे के एक पदाधिकारी ने उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित तौर पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट की है। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद शिंदे गुट के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आक्रामक रुख अख्तियार किया है।

शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने पोस्ट करने वाले मनसे पदाधिकारी रोहन पवार के खिलाफ बाजारपेट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने पवार के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में शिंदे गुट के शहर प्रमुख रवि पाटील ने चेतावनी दी है कि कोई भी व्यक्ति बेवजह ऐसी पोस्ट न करे और कार्यकर्ताओं में नाराजगी पैदा न करे। ऐसी पोस्ट से शहर में माहौल खराब न हो, कार्यकर्ता शांत रहें। पुलिस कार्रवाई करेगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि आगे से इस तरह की आपत्तिजनक पोस्ट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शहर के मनसे के नेता पर लगा पोस्ट करने का आरोप

कल्याण-डोंबिवली मनपा की AC बसें खुद ही पड़ गई हैं ठंडी

बीमा, PUC और पासिंग खत्म होने की वजह से बंद हैं बसें

अरविंद त्रिपाठी, कल्याण

कल्याण-डोंबिवली मनपा ट्रांसपोर्ट (केडीएमटी) में शामिल 8 एसी बसें डिपो में खड़ी हैं। स्पेयर पार्ट्स के अभाव और ठेकेदार के बसों का बीमा नहीं चुकाने से बसें बंद हैं।

केडीएमसी की परिवहन सेवा को बेहतर बनाने के लिए 207 इलेक्ट्रिक एसी बसें खरीदने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु मिशन पहल से 99 करोड़ रुपये का फंड मिला था। इस निधि से केडीएमटी ने दो ठेकेदारों मे. कॉसिस मोबिलिटी सर्विसेज और बुथेलो प्राइवेट लिमिटेड को नियुक्त किया। उनके माध्यम से 207 बड़ी मिडी और मिनी बसों को खरीदने और संचालित करने का निर्णय लिया। हालांकि, इस कंपनी के पास बसें बनाने की क्षमता नहीं थी, इसलिए कंपनी पहले 10 बसों का निर्माण करते समय ही टूट गई। अगली बसों के निर्माण में असमर्थता दिखाते हुए, कंपनी ने ढाई साल के इंतजार के बाद किसी तरह 8 बसों की आपूर्ति की। बसों का संचालन अनुबंध के अनुसार कॉसिस मोबिलिटी कंपनी के माध्यम से किया जा रहा है। हालांकि, इनमें से चार बसें सड़क पर आने के चार महीने बाद ही खराब हो गई।

अब साधारण बसों का ही सहारा

आवासीय क्षेत्र के लिए 10 रुपये और लोढ़ा के लिए 15 रुपये टिकट है। इन्हें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा था, लेकिन अब बसें बंद हो गई हैं। इससे यात्रियों में नाराजगी है। लोगों को अब केडीएमसी की साधारण बसों और ऑटो रिक्शा का ही सहारा है। नवी मुंबई और ठाणे परिवहन की एसी बसें नियमित रूप से कल्याण-डोंबिवली की सेवाएं दे रही हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बस पासिंग, बीमा, पीयूसी आदि की प्रक्रिया के बाद ये बसें जल्द ही सड़कों पर दौड़ने लगेंगी।

दहिसर-भाईंदर मेट्रो कारशेड के खिलाफ बनाई गई मानव श्रृंखला

6,000 लोगों ने लिया हिस्सा, काम रोकने की उठी मांग

NBT न्यूज़, मीरा-भाईंदरः मीरा-भाईंदर के डोंगरी क्षेत्र में प्रस्तावित दहिसर-भाईंदर मेट्रो कारशेड के खिलाफ रविवार को विशाल मानव श्रृंखला बनाई। इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन में 6,000 से अधिक लोगों ने भाग लेकर सरकार और एमएमआरडीए के पर्यावरण विरोधी निर्णय का विरोध जताया। लोगों ने डोंगरी दत्त मंदिर से चौक गांव तक मानव श्रृंखला बनाकर हाथों में काले झंडे, पोस्टर और पेड़ बचाओ के संदेश ले रखे थे।

डोंगरी के पहाड़ी क्षेत्र में हजारों पेड़, जैवविविधता, औषधीय वनस्पतियां और वन्यजीवों का प्राकृतिक निवास है। प्रस्तावित कारशेड के कारण 12,000 से अधिक पेड़ों की कटाई, पहाड़ों को विस्फोटकों से उड़ाने और खेती योग्य जमीन के नष्ट होने का खतरा है। लोगों का कहना है कि मीरा-भाईंदर में मेट्रो स्टेशन के पास पहले से ही पर्याप्त खाली भूमि उपलब्ध है, फिर भी पर्यावरण संपन्न क्षेत्र को नष्ट किया जा रहा है।

आंदोलन में मछुआरे, किसान, महिलाएं, विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मगुरु, डॉक्टर, पत्रकार और अन्य संगठनों के सदस्य शामिल हुए। शहीद मेजर कौस्तुभ राणे की मां, ज्योति राणे ने भी आंदोलन में भाग लिया। लोगों ने कहा कि विकास के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन विनाशकारी विकास को स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि कारशेड की योजना रद्द नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और अधिक तीव्र रूप लेगा। लोगों ने मांग की कि कारशेड को अन्य जगह स्थानांतरित किया जाए और पेड़ कटाई पर तुरंत रोक लगे।

प्रस्तावित मेट्रो कारशेड के लिए काटे जाने हैं 12,000 से अधिक पेड़

कंस्ट्रक्शन साइट के पास मिला नाबालिग लड़की का शव

TNN, ठाणेः शहर के कासरवडावली इलाके में निर्माण स्थल के पास अज्ञात नाबालिग लड़की का शव मिलने से रहस्य गहराता जा रहा है। पुलिस ने हत्या का संदेह जताया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

कसारवडावली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक निवृत्ति कोल्हटकर के अनुसार, शव शनिवार दोपहर को कसारवडावली क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन साइट के पास की सड़क के करीब पाया गया। यह इलाका सुनसान है। स्थानीय निवासियों ने लड़की को बेहोश अवस्था में देखा, जिसकी गर्दन के चारों ओर एक हुड कसकर लिपटा हुआ था। लोगों ने पुलिस को तुरंत सूचित किया।

पुलिस के अनुसार, लड़की की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच है। उसकी लंबाई लगभग चार फीट के करीब है और उसने हरे रंग का सलवार-कुर्ता पहना हुआ था और उसकी कलाई पर चूड़ियां थीं। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही लड़की और आरोपी की पहचान कर ली जाएगी। कासरवडावली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या) और धारा 238 (साक्ष्यों का नष्ट करना) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को संदेह है कि लड़की की हत्या कहीं और की गई हो सकती है। इसके बाद आरोपी ने शव को निर्माण स्थल के पास फेंक दिया होगा। शव की पहचान के लिए उसकी तस्वीरें विभिन्न पुलिस विभागों और क्षेत्रभर में भेज दी गई हैं।

कोल्हटकर के अनुसार, हमने अपने सभी पुलिस स्टेशनों को सतर्क कर दिया है कि अगर उनके क्षेत्राधिकार में कोई गुमशुदगी या अपहरण का मामला दर्ज होता है, तो तुरंत सूचित करें। इसके अलावा, पोस्टमॉर्टम से यह पता चलेगा कि लड़की के साथ क्या हुआ था। इसके साथ ही, पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है और आस-पास के निवासियों, कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मजदूरों और दुकानदारों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि उसकी पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हत्या की आशंका, पुलिस कर रही मामले की जांच

मेट्रो निर्माण और बरसात ने मिलकर किया जनजीवन अस्त-व्यस्त

भाईंदर (पश्चिम) की जर्जर सड़कों ने बढ़ाई परेशानी

अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर

भाईंदर (पश्चिम) की मुख्य सड़कों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य और लगातार हो रही बरसात के कारण सड़कों की हालत इतनी जर्जर हो गई है कि इस रास्ते पर न सिर्फ दोपहिया और चारपहिया वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। पैदल चलना भी किसी चुनौती से कम नहीं है।

मैक्सस मॉल से लेकर सुभाषचंद्र बोस मैदान तक करीब एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर मैक्सस मॉल, डी-मार्ट, कई स्कूल, कॉलेज, कॉल सेंटर, होटल और व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्थित हैं। इसी मार्ग पर मेट्रो के एक स्टेशन का निर्माण हो रहा है। निर्माण के लिए सड़क के दोनों ओर की गई खुदाई के चलते सड़क की चौड़ाई लगभग आधी रह गई है।

MMRDA ने किया था मरम्मत का वादाः एमएमआरडीए ने मॉनसून से पहले सड़क को ठीक करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत तस्वीरों में साफ दिख रही है, कीचड़, जलजमाव और बड़े-बड़े गड्ढे। निर्माण कार्यों के चलते सुरक्षा मानकों की भी अनदेखी की जा रही है। खुदाई और ढीले बैरिकेड्स दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों को रोज होती है परेशानी

एक कॉलेज में कार्यरत प्रोफेसर राजन पाटील बताते हैं कि हर दिन कॉलेज आते-जाते इस रास्ते पर बहुत दिक्कत होती है। बारिश में स्कूटर फिसलने का डर रहता है। गड्ढों में पानी भरने से पता ही नहीं चलता कि गहराई कितनी है। इसकी वजह से बारिश में हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

महिलाओं और विद्यार्थियों को ज्यादा दिक्कत

खस्ताहाल सड़कों का सबसे ज्यादा असर महिलाओं और विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। रोजाना स्कूल, कॉलेज या काम पर जाने वाली महिलाएं कीचड़ और पानी भरे गड्ढों से गुजरने को मजबूर हैं। कई बार फिसलने और गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं। बसें ट्रैफिक में फंस जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों को समय पर पहुंचने में दिक्कत होती है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बार-बार शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदारों और एमएमआरडीए के बीच समन्वय की कमी से यह समस्या बनी है। इस बारे में एमएमआरडीए अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका।

TIMES inter act

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अकादमिक

शिक्षक

REQ Computer Teachers to teach Basic coding/html in schools at Dockyard, Bandra, Andheri, Vikhroli. Tel : 98205 20034

विपणन, विज्ञापन और बिक्री

बिक्री

FEMALE Sales Coordinator 3+yrs sales exp. Sales support,customer follow-ups, lead generation. Masjid Bunder Call 9920063001

अन्य रिक्तियां

एकाधिक रिक्तियां

सरकारी मान्यता प्राप्त कंपनी में सेवानिवृत्त/ गृहिणी/ कर्मचारी और अधिकारी की आवश्यकता है। (वेतन+ पीएफ+ नि:शुल्क विदेश यात्रा)। 96997 02240 / 96287 40318

REPUTED-BUILDER@ Borivali Reqd. 1) Asst. CRM (1 No.), 2) Jr. Site Engineers (2 Nos.), 3) Female Engineer (1 No). - 9833898738/ 9326611717.

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
उत्तर मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय
तीसरी मंजिल, एनसीएल बिल्डिंग,
प्लॉट नं.6, ई-ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला
कॉम्पलेक्स, बांद्रा पूर्व,
मुंबई-400051. Email :
rmmsro@centralbankofindia.co.in

पट्टे पर परिसर लेने हेतु बोलियों / प्रस्तावों का आमंत्रण

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को किराए के आधार पर **खेरनगर, बांद्रा (पूर्व), मुंबई** में 1200 से 1800 वर्ग फीट कार्पेट एरिया वाले तल मंजिल पर परिसर की आवश्यकता है, जो 1 महीने के भीतर तैयार कब्जे के लिए तैयार हो, जिसमें **खेरनगर, बांद्रा (पूर्व), मुंबई** को स्थानांतरित करने के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान के साथ-साथ **ऑनसाइट एटीएम** के लिए जगह भी हो। कृपया दलालों या बिचौलियों से संपर्क न करें।

सरकारी/अर्ध सरकारी निकायों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी। कृपया प्रारूप/नियम और शर्तें वेबसाइट **http://www.centralbankofindia.co.in** से डाउनलोड करें या कार्यालयीन समय के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, उत्तर मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय, तीसरी मंजिल, एनसीएल बिल्डिंग, बांद्रा पूर्व, मुंबई 400051 से इसे प्राप्त करें। एक सीलबंद लिफाफे में आवेदन, जिस पर विधिवत रूप से **खेरनगर, बांद्रा (पूर्व), मुंबई परिसर के लिए सीलबंद निविदा** लिखा हो, यह निविदा 28.07.2025 (सोमवार) को 17.00 बजे तक उत्तर मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय, तीसरी मंजिल, एनसीएल बिल्डिंग, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा ईस्ट, मुंबई - 400051 पर पहुंच जाना चाहिए।

प्रत्येक बोली के साथ 10,000/- रुपये का डिमांड ड्राफ्ट तथा 18% जीएसटी (अर्थात कुल 11,800/- रुपये (ग्यारह हजार आठ सौ रुपये मात्र) बोली के लिए बयाना राशि के रूप में संलग्न करना होगा। बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी/सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्षेत्रीय प्रमुख
उमुक्षेका
स्थान : मुंबई
दिनांक : 06.07.2025

REDEVELOPMENT TENDER NOTICE
SHREE CHEMBUR GANESH CHSL
CTS No. 367 of Village Chembur, M/W Ward, Sion- Trombay Road, Mumbai 400 071.

Plot Area as per Property Card: 2857.60 SqM:

There are 19 Residential units in Wing no 1, 2 & 3 (Total CA utilized: 1043.39 SqM), 1 Residential unit in Wing no 4 (Total CA utilized: 178.37 SqM), 10 Commercial shops on Gr. floor (Total CA utilized: 364.46 SqM) & Nursing home on 1st floor (Total CA utilized: 283.07 SqM) in Wing no 1, 2 & 3 Existing Building is 45-year-old abutting existing 36.60M road.

The plot is at a distance of 1min walkable distance from VNP & RC Marg Junction Metro station & Shree Siddhivinayak Ganesh temple Chembur., 850m from Eastern Express highway.

Sealed offers are invited from reputed, experienced & financially sound Developers.

Tender Documents are available at PMC's office from 08/07/2025 to 30/07/2025 between 11:00 AM to 5:30 PM on payment of Rs. 12,000/- (non-refundable) by DD/ Cheque only payable at- **"Progov Solutions Pvt. Ltd."**.

Pre bid meeting will be held on 31/07/2025 between 4PM-5PM at the Society Premises. Sealed offers will be accepted at the PMC's Office till 01/09/2025, Upto 5:30 PM.

Project Management Consultant
PROGOV SOLUTIONS PVT. LTD.
303-304, Corporate Avenue,
Sonawala Road, Goregaon (E),
Mumbai - 400063.
Mob: 9158985469

Society Contact:
Hon Secretary: 9820572957
Hon Chairman: 9821254646

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Sakuntla Mother of No 15563271F Sep (Retd) Patil Shriram Shantaram of BEG Kirkee r/o Jalgaon, M.H-424101 changed my name from Sakuntla to Shakuntala Shantaram Patil vide aff. dt. 02-07-2025 No 41AB913739 at Nashik

I, Shantaram Father of No 15563271F Sep(Retd) Patil Shriram Shantaram of BEG Kirkee r/o Jalgaon, M.H-424101 changed my name from Shantaram to Shantaram Irbhan Patil vide aff. dt. 02-07-2025 No 41AB913748 at Nashik

नोवेना प्रेयर्स

MAY the Sacred Heart Of Jesus be Praised, Adored, Glorified and Loved today and everyday throughout the world now and forever.Amen! Ask St.Clare for three favours two impossible and say nine Hail Mary's and the above prayer for 9 days with a lighted candle and publish it on 9th day.Your request will be granted no matter how impossible.

THE TIMES OF INDIA

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

BUSINESS CONNECT

TRUST CAPITAL
LOAN STARTS FROM 1CRORE & ABOVE
INTEREST STARTS FROM 5.5% (NEGOTIABLE)
★ SECURED LOAN
★ UNSECURED LOAN (ALL SECTORS)
★ PROJECT FUNDING
★ CHEQUE BASIS LOAN
★ NPA TAKEOVER (CIBIL FREE)
98949 35391 / 82705 01932
trustcapital02@gmail.com / www.trustcapitalfinanceindia.com

NBT स्मृति यादों के चिराग

मृत्यु की सूचना

शोक संदेश



श्री सुनील ओमप्रकाशजी तोषनीवाल

का स्वर्गवास शनिवार, दिनांक 05-07-2025 को हो गया है।

-: उठावना :-

सोमवार, दि. 07-07-25
समय शाम 4 से 6 बजे
श्री माहेश्वरी भवन, 7th फ्लोर,
श्री माहेश्वरी भवन मार्ग, भायंदर (पश्चिम)

शोकाकुल परिवार
माताजी: रतनदेवी
धर्मपत्नी: रेणुका
काकीजी: कामेरी, मंजु
भाई भाभी:
मनोज-सुशीला,
राकेश-सरला,
सचिन-मीनल,
मुकुंद-हिमांशी
बहन बहनोई:
नैना-ओमप्रकाशजी जाजू
अल्का-सतीशजी बंग
पुत्र / पुत्री:
पार्थ,तनुश्री,हर्षित,जीत
एवं समस्त
तोषनीवाल परिवार
9920173616

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

जय संतोषी माँ

मातृ देवो भवः

सौ. विधावती मनीराम तिवारी (बुटना)
(स्वर्गवास: २०.१०.२०१४)

पितृ देवो भवः

श्री मनीराम तिवारी (मुन्नाजी)
(स्वर्गवास: ०७.०७.२०२०)

आपका प्रेम एवं स्नेह हमारे हृदय में आज भी बसा है।

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472